राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स

drishtiias.com/hindi/printpdf/national-cadet-corps

प्रिलिम्स के लिये:

स्वच्छता अभियान, कोविड-19, डिजिटल साक्षरता, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस’

मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स का महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 28 नवंबर को **राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स** (National Cadet Corps- NCC) द्वारा अपनी स्थापना की 73वीं वर्षगाँठ मनाई गई।

- अगस्त 2020 में रक्षा मंत्रालय ने सीमा और तटीय ज़िलों में राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स के विस्तार के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- मार्च 2021 में केरल उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को **राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम, 1948 में संशोधन** करने का आदेश दिया, जो ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) में शामिल होने से प्रतिबंधित करता है।

प्रमुख बिंदु

- **राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स:**
    - NCC का गठन वर्ष 1948 (एच.एन. कुंजरु समिति-1946 की सिफारिश पर) में किया गया था और इसकी जड़ें ब्रिटिश युग में गठित युवा संस्थाओं, जैसे-यूनिवर्सिटी कॉर्प्स या यूनिवर्सिटी ऑफिसर ट्रेनिंग कॉर्प्स (University Corps or University Officer Training Corps) में हैं।
        - इसके इतिहास को 'यूनिवर्सिटी कॉर्प्स' (University Corps) से जाना जा सकता है, जिसे भारतीय सेना में कर्मियों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से भारतीय रक्षा अधिनियम, 1917 के तहत निर्मित किया गया था।
        - बाद में वर्ष 1949 में NCC का विस्तार गर्ल्स डिवीज़न को शामिल करने हेतु किया गया ताकि देश की रक्षा के लिये इच्छुक महिलाओं को समान अवसर प्रदान किया जा सके।
        - वर्तमान में इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना विंग के लगभग 14 लाख कैडेट हैं।
    - NCC विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। यह हाई स्कूल और कॉलेज स्तर पर कैडेटों का नामांकन करता है तथा विभिन्न चरणों के पूरा होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान करता है।
        - NCC कैडेट विभिन्न स्तरों पर बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और इसमें सशस्त्र बलों तथा उनके कामकाज से संबंधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम की बुनियादी बातें भी शामिल हैं।
        - विभिन्न प्रशिक्षण शिविर, साहसिक गतिविधियाँ और सैन्य प्रशिक्षण शिविर NCC प्रशिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है।

- **मंत्रालय:**
  NCC **रक्षा मंत्रालय** के दायरे में आता है और इसका नेतृत्त्व थ्री स्टार सैन्य रैंक का महानिदेशक करता है।
- **महत्त्व:**
  - NCC कैडेटों ने वर्षों से **विभिन्न आपातकालीन स्थितियों के दौरान राहत प्रयासों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई** है।
  - चल रही **महामारी** के दौरान 60,000 से अधिक NCC कैडेटों को देश भर में ज़िला और राज्य प्राधिकरण के साथ समन्वय में स्वैच्छिक राहत कार्य के लिये तैनात किया गया है।
  - **कोविड-19 महामारी** के प्रबंधन में विभिन्न पहलों के माध्यम से कैडेटों द्वारा दिये गए योगदान की देश भर के लोगों ने व्यापक रूप से सराहना की है।
  - कैडेटों ने **'स्वच्छता अभियान'**, **'मेगा प्रदूषण पखवाड़ा'** में पूरे मनोयोग से भाग लिया और **'डिजिटल साक्षरता'**,**'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस',**'वृक्षारोपण'तथा कोविड-19 टीकाकरण अभियान आदि जैसी विभिन्न सरकारी पहलों के बारे में जागरूकता फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - NCC की बहुमुखी गतिविधियाँ और विविध पाठ्यक्रम, युवाओं को **आत्म-विकास** के लिये अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं।
  - अनेक कैडेट्स ने **खेल और रोमांच (Adventure) के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों** से देश और संगठन को गौरवान्वित किया है।
  - NCC वर्तमान युवाओं को कल के ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में ढालने की दिशा में अपने अथक प्रयास जारी रखे हुए है।

स्रोत: पीआईबी